ग्रेट इंडियन बस्टर्ड

प्रीलिम्स के लिये:

डेज़र्ट नेशनल पार्क, इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर रेड लिस्ट, स्पीशीज़ रिकवरी प्रोग्राम।

मेन्स के लिये:

ग्रेट इंडियन बस्टर्ड की सुरक्षा हेतु उपाय

चर्चा में क्यों?

हाल ही में पाकिस्तान के चोलिस्तान रेगिस्तान में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड्स (GIB) देखे जाने की घटना ने अटकलों को जन्म दे दिया है कि लुप्तप्राय पक्षी भारत के डेज़र्ट नेशनल पार्क (डीएनपी) से अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार चले गए होंगे।

ग्रेट इंडियन बस्टर्ड:

- **विषय:**
    - ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (अर्डीओटिस नाइग्रिसेप्स), **राजस्थान का राज्य पक्षी है** और **भारत का सबसे गंभीर रूप से लुप्तप्राय पक्षी माना जाता है।**
    - यह **घास के मैदान की प्रमुख प्रजाति मानी** जाती है, जो चरागाह पारिस्थितिकी का प्रतिनिधित्व करती है।
    - इसकी अधिकतम आबादी **राजस्थान और गुजरात** तक ही सीमित है। **महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में यह प्रजाति कम संख्या** में पाई जाती है।
- **खतरे:**
    - **विद्युत लाइनों से टकराव/इलेक्ट्रोक्यूशन, शिकार (अभी भी पाकिस्तान में प्रचलित), आवास का नुकसान और व्यापक कृषि विस्तार** आदि के परिणामस्वरूप यह पक्षी खतरे में है।

- **सुरक्षा की स्थिति:**
  - अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ की रेड लिस्ट: गंभीर रूप से संकटग्रस्त
  - वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES): परिशिष्ट-1
  - प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर अभिसमय (CMS): परिशिष्ट-I
  - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची 1
- **GIB की सुरक्षा के लिये किये गए उपाय:**
  - **प्रजाति पुनर्प्राप्ति कार्यक्रम:**
    - इसे पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) के वन्यजीव आवास का एकीकृत विकास (IDWH) के तहत प्रजाति पुनर्प्राप्ति कार्यक्रम के तहत रखा गया है।
  - **नेशनल बस्टर्ड रिकवरी प्लान:**
    - वर्तमान में इसे संरक्षण एजेंसियों (Conservation Agencies) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।
  - **संरक्षण प्रजनन सुविधा:**
    - जून 2019 में MoEFCC, राजस्थान सरकार और भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) द्वारा जैसलमेर में **डेज़र्ट नेशनल पार्क** में एक संरक्षण प्रजनन सुविधा स्थापित की है।
    - कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रेट इंडियन बस्टर्ड्स की आबादी में वृद्धि करना है जिसके लिये चूजों को जंगल में छोड़ा जाना है।
  - **प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड:**
    - राजस्थान सरकार ने इस प्रजाति के प्रजनन बाड़ों के निर्माण और उनके आवासों पर मानव दबाव को कम करने के लिये एवं बुनियादी ढाँचे के विकास के उद्देश्य से 'प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड 'लॉन्च किया है।
  - **पर्यावरण अनुकूल उपाय:**
    - ग्रेट इंडियन बस्टर्ड सहित वन्यजीवों पर पॉवर ट्रांसमिशन लाइनों (Power Transmission Lines) और अन्य पॉवर ट्रांसमिशन इन्फ्रास्ट्रक्चर (Power Transmission Infrastructures) के प्रभावों को कम करने के लिये पर्यावरण के अनुकूल उपायों का सुझाव देने हेतु टास्क फोर्स का गठन।

मरुभूमि राष्ट्रीय उद्यान के संदर्भ में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- यह राजस्थान के **जैसलमेर और बाड़मेर ज़िलों** के भीतर भारत की पश्चिमी सीमा पर स्थित है।
- ग्रेट इंडियन बस्टर्ड, राजस्थान राजकीय पशु (चिंकारा) और राजकीय वृक्ष (खेज़ड़ी) तथा राजकीय पुष्प (रोहिड़ा) इस उद्यान में प्राकृतिक रूप से पाए जाते हैं।
- इसे 1980 में **यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थल** और 1992 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा के विगत वर्ष के प्रश्न:

प्रश्न. मरुभूमि राष्ट्रीय उद्यान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/ से सही है/हैं? (2020)

1. यह दो ज़िलों में विस्तृत है।
2. उद्यान के अंदर कोई मानव बस्ती नहीं है।
3. यह ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के प्राकृतिक आवासों में से एक है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (c)

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/great-indian-bustards-gibs